कोड-002

# वार्षिक परीक्षा 2017-18

कक्षा- नवमीं — विषय - सामाजिक विज्ञान

समय - 3.00 घंटे — पूर्णांक - 75

निर्देश :- सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है ।

प्रश्न क्र. 1 में वस्तुनिष्ठ प्रश्न के तीन खण्ड है, प्रत्येक पर 1 अंक निर्धारित है।

प्रश्न क्र. 2 से 6 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न है प्रत्येक पर 2 अंक निर्धारित है ।

प्रश्न क्र. 7 से 10 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है प्रत्येक पर 3 अंक निर्धारित है ।

प्रश्न क्र. 11 से 14 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है प्रत्येक पर 4 अंक निर्धारित है ।

प्रश्न क्र. 15 एवं 16 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न है प्रत्येक पर 5 अंक निर्धारित है

प्रश्न क्र. 17 एवं 18 दीर्घउत्तरीय प्रश्न है प्रत्येक में 6 अंक निर्धारित है ।

---

प्रश्न 1. (अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए ।

(1) सबसे पहले मानिचत्र 3000 वर्ष पूर्व कहां बनाया गया था ।
(अ) भारत में (ब) रोम में (स) मिश्र में (द) यूनान में

(2) इनमें से कौन-सा उद्योग का प्रकार नहीं है ।
(अ) वृहद उद्योग (ब) लघु उद्योग (स) कुटीर उद्योग (द) श्रम उद्योग

(3) सबसे अधिक चाय की खेती कहां होती है ।
(अ) उत्तरांचल (ब) असम (स) तमिलनाडु (द) कर्नाटक

(4) कौन सी नदी सिन्धु की सहायक नदी नहीं है ।
(अ) झेलम (ब) रावी (स) यमुना (द) चिनाब

(5) चित्रकोट का जल प्रपात किस नदी पर है ।
(अ) महानदी (ब) इन्द्रावती (स) हसदो (द) वैन गंगा

(ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए ।

(1) ---------- पर्वतीय क्षेत्रों की एक मुख्य समस्या है ।

(2) भारत में सर्वाधिक वर्षा ---------- स्थान पर होता है ।

(3) यमुना नदी ---------- की सहायक नहीं है ।

(4) समुद्र तटों पर ---------- वन पाये जाते हैं ।

(5) बाक्सर विद्रोह का संबंध ---------- देश से था ।

(स) उचित संबंध जोड़िए ।

(1) महानदी - दंतेवाड़ा

(2) पामेड़ - उत्पादन का गतिशील साधन

(3) मैकाले - सिहावा पर्वत

(4) श्रम - भारत की शिक्षा नीति

(5) पूंजी - उत्पादन का सक्रिय साधन

प्रश्न 2, सेवा क्षेत्र में कौन-कौन से कार्य शामिल है।

प्रश्न 3. लीबिया किस देश का उपनिवेश था?

प्रश्न 4. घाट का क्या अर्थ है लिखिए।

प्रश्न 5. भूमिगत जल किसे कहते हैं लिखिए।

प्रश्न 6. भारत में कौन सी फसल आज भी बागानों में उगायी जाती है।

प्रश्न 7. रुद चिन्हों से आप क्या समझते हैं ? लिखिए।

प्रश्न 8. कृषि क्षेत्र में कौन-कौन सी संबंधित गतिविधियों को सम्मिलित किया गया है ? स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 9. मौसम और जलवायु में अंतर लिखिए। (कोई तीन)

प्रश्न 10. ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में भूमि उपयोग की तुलना कीजिए।

प्रश्न 11. मध्यकाल के अंत में ऐसी क्या बाते हुई जिनके कारण समाज में बदलाव सम्भव हुआ?

अथवा

व्यापार और शहरीकरण ने मध्यम वर्ग के बनने में किस प्रकार सहायता की होगी ? स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 12. धर्म सुधार आंदोलन और धार्मिक स्वतंत्रता के बीच आप क्या संबंध देख पाते हैं। विवेचना कीजिए।

अथवा

महिला भक्तों की जीवनी में आपको क्या समानताएं एवं भिन्नताएं दिखती है ? स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 13. सत्या ग्रह से आप क्या समझते हैं ? अपने शब्दों में लिखिए।

अथवा

अमेरिका के स्वतंत्रता संघर्ष के पीछे क्या कारण थे ? अपने शब्दों में लिखिए।

प्रश्न 14. औद्योगिक विकास का समाज पर पड़ने वाले प्रभावों को बतलाइए।

अथवा

अगर कारखाने का उत्पादन बिक नहीं पाए तो उसका पूंजीपति और मजदूरों पर क्या प्रभाव पड़ेगा ? स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 15. महिला आयोग कौन-कौन से कार्य करता है। लिखिए।

अथवा

बाल संरक्षण अधिकार आयोग के गठन का क्या उद्देश्य है ? स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 16. महिलाओं ने अपने अधिकारों को हासिल करने के लिए क्या प्रयास किया । स्पष्ट कीजिए ।

अथवा

समाज में जेण्डर भेद किन-किन कारणों से उत्पन्न होता है ? समझाइये ।

प्रश्न 17. म्यांमार में आंग सान सू की का लोकतंत्र की स्थापना के संघर्ष में क्या योगदान है ?

अथवा

लीबिया में स्वतंत्रता के बाद भी लोकतंत्र की स्थापना क्यों नहीं हो सकी ? अपने विचार दीजिए ।

प्रश्न 18. बहुत सी सेवाएं कृषि एवं विनिर्माण से जुड़ी हुई है उदाहरण देकर समझाइये ।

अथवा

सन् 1990 के बाद औद्योगिक नीति में परिवर्तन की आवश्यकता क्यों हुई ? समझाइये ।

---00--